# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## सोमवार, 24 अगस्त, 2015/2 भाद्रपद, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** ].

**कुल प्रश्न - 16**

----

### एफ0 आर0 यू0 अस्पताल

970 **श्री हंस राज (चुराह)**:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश में कितने F.R.U. Hospital हैं ; ब्यौरा जिला व चुनाव क्षेत्रवार दें?

----

### सड़क निर्माण

971 **श्री हंस राज(चुराह)** :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
वर्तमान में चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न सड़कों की वर्तमान स्थिति क्या हैः-

(i) मसरूंड वाया त्रिया से कुठेड पंचायत;

(ii) ग्राम पंचायत जुनास;

(iii) ग्राम पंचायत गुईला;

(iv) पुखरी वाया हमल से टिकरी-शक्तिदेहरा;

(v) टिकरी से शक्तिदेहरा, क्याणी;

(vi) कल्हेल से बजंली, करेरी, चरोडी पंचायत;

(vii) हिमगिरी वाया-सिद्रूनी-आइल-सोहा-गुवारी; और

(viii) केंथली से दुधली केला सड़क ?

----

## पर्यटन को बढ़ावा

972 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में सरकार द्वारा प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या-क्या उपाय किए जा रहे हैं; ब्यौरा दें;

(ख) सरकार चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में पर्यटन को युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए क्या प्रयास कर रही है; ब्यौरा दें; और

(ग) वर्ष 2013-14 में सरकार को पर्यटन से कितना राजस्व प्राप्त हुआ; ब्यौरा जिलावार दें ?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्तियां

973 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में जिला सिरमौर के समस्त अस्पतालों, पीएचसी, सीएचसी व हैल्थ सब-सेंटरों में चिकित्सक, पैरा-मैडिकल, लिपिकीय वर्ग, चतुर्थ श्रेणी व अन्य कितने-कितने पद स्वीकृत हैं; कितने-कितने पद भरे हुए हैं, कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा संस्थान के नाम व स्थानानुसार दें; और

(ख) इन संस्थानों में कितने कर्मचारी और अधिकारी रेगुलर, कांट्रेक्ट, आरकेएस, अन्य सोसाइटी और कितने आऊट सोर्सिंग पर हैं; ब्यौरा दें?

----

## हैण्डपम्पों की स्थापना

974 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) दिनांक 16.02.2015 से 31.07.2015 तक नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कुल कितने हैंडपंप लगे; ब्यौरा नाम व स्थान सहित दें; और

(ख) ऐसे कितने हैंडपंप हैं जो सुचारु रूप से चल रहे हैं; विवरण दें ?

----

## पशु औषधालय

975 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 10.04.2015 से 31.07.2015 तक नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न पशु औषधालयों में pharmacists के कितने पद रिक्त हैं; विवरण दें ; और

(ख) सरकार इन पदों को कब तक भरने का विचार रखती है ?

----

## भवन निर्माण

976 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अंतर्गत G.S.S.S. स्यांज के भवन निर्माण (Science Lab ) हेतु मु0 28 लाख रूपये स्वीकृत हुए हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इसका Tender किस ठेकेदार को दिया गया है और निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें ?

----

## गौशालाओं का निर्माण

977 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**
**श्री इन्द्र सिंह(सरकाघाट) :**
**श्री गोविन्द सिंह ठाकुर(मनाली) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि माननीय उच्च न्यायालय ने सभी पंचायतों में एक निर्धारित तिथि तक गौशालाओं के निर्माण हेतु आदेश दिए थे;

(ख) इन आदेशों की अनुपालना में अभी तक कुल कितनी पंचायतों में गौसदन बनाए गए तथा कितनों में सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध करवाई गई; और

(ग) प्रत्येक गौशाला में कितने-कितने आवारा पशु पल रहे हैं और गौसदनों के निर्माण तथा पशुओं के रख-रखाव हेतु कितनी-कितनी धनराशि उपलब्ध करवाई गई; ब्यौरा दें?

----

## कर्मचारियों को देय राशि

978 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि नगर परिषद् कुल्लू में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को देय ग्रेच्युटी एवं पैन्शन के मामले लम्बित हैं;

(ख) यदि हां, तो किस-किस कर्मचारी को कितनी-कितनी धनराशि कब-कब से देय है; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार यह धनराशि कर्मचारियों को देने के लिए कौन-कौन से पग उठा रही है; ब्यौरा दें ?

----

## बादल फटने से क्षति

979 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 8 अगस्त, 2015 को धर्मपुर में भयंकर वर्षा एवं बादल फटने से बाढ़ आने के कारण बसों के बह जाने एवं घर गिरने से कुछ लोगों की मृत्यु हुई; ब्यौरा दें;

(ख) इस बाढ़ में कितनी बसें बही, कितनी जानें गई और कितने घर क्षतिग्रस्त हुए तथा कितने किसानों की भूमि नष्ट हुई; और

(ग) सरकार ने तुरन्त राहत की दृष्टि से क्या-क्या पग उठाए हैं ?

----

## सामग्री की खरीद

980 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) Rain Water Harvesting Structure Cum Lift Irrgation Schemes डरवाड-छत्रैना भडडू तथा पिपला के लिए कितना सामान क्रय किया गया है;

(ख) किन-किन फर्मों से सामान खरीदा गया, सभी items की Details और Bill Vouchers की प्रतियां एवं Tender प्रक्रिया में कौन-कौन फर्में शामिल हुई; सभा पटल पर रखें ; और

(ग) इन दोनों कार्यों में जलाशय कार्य किन-किन ठेकेदारों को दिये गये उनके Award Letter और schedule of quantity की प्रतियां सभा पटल पर रखें ?

----

## पेयजल उपलब्ध करवाना

981 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) दिनांक 1 अप्रैल, 2015 के बाद सरकाघाट मण्डल में कितनी पेयजल परियोजनाएं ऐसी हैं जहां पानी प्रतिदिन या 5 दिन या 10 दिन या 20 दिनों उपरांत दिया जा रहा है; ब्यौरा योजनावार कारण सहित दें;

(ख) L.W.S.S कांढापतन धवाली पानी वितरित करने का कार्य किस ठेकेदार को दिया गया; और

(ग) यह सत्य है कि ठेकेदार Additional Rising Main की मोटरों को चला कर पानी दे रहा है; यदि हां, तो कारण सहित ब्यौरा दें ?

----

## कार्य का आबंटन

982 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में धर्मपुर लोक निर्माण मण्डल द्वारा कितने टैंडर-वर्क ऑर्डर किए गए व किन-किन ठेकेदारों को यह कार्य दिए गए; ब्यौरा उनके नाम, पते सहित दें;

(ख) कितने कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं व कितने कार्य अधूरे हैं; ब्यौरा दें;

(ग) पधर, कथैली-दवारडू-पाटी सड़क पर बनने वाले पुल के टैण्डर कर दिये हैं या नहीं; और

(घ) विधायक क्षेत्र प्राथमिकताओं की कितनी DPRs बना कर नाबार्ड को भेजी गई हैं कितनी प्राथमिकताओं पर कार्य करना शेष है; ब्यौरा दें?

----

## भू-संरक्षण विभाग में रिक्तियां

983 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)**:

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत भू-संरक्षण विभाग में कितने अधिकारी व कर्मचारी कार्यरत हैं; ब्यौरा पदनाम सहित दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में विभाग द्वारा कितनी धनराशि विभिन्न कार्यों हेतु स्वीकृत की गई और कितनी खर्च की गई; ब्यौरा कार्य के नाम व जगह सहित दें?

----

## खेल मैदान हेतु धनराशि

984 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत शिक्षा विभाग में विभिन्न स्तरों के स्कूलों और खेल मैदानों के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा स्कूल के नाम सहित दें; और

(ख) उक्त अवधि में स्वीकृत धनराशि में से कितनी खर्च की गई व कितनी शेष है; ब्यौरा दें?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्तियां

985 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में चौपाल विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग में कर्मचारियों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा संस्थान व पदनाम सहित दें; और

(ख) इस वित्तीय वर्ष में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चौपाल विधान सभा क्षेत्र के लिए किस-किस योजना के अन्तर्गत कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा दें ?

----

**शिमला : 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा ,**

**दिनांकः 11 अगस्त , 2015.** **सचिव ।**